## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176215
## Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215

क्रमांकः हि०शि०बो०(22)दशम्–2/लेटर सैट/42/2026/14701-14725 दिनांकः 22-08-2026

**"अधिसूचना"**

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा **शीतकालीन विद्यालयों (Winter Closing Schools Only)** की नवम्बर/दिसम्बर, 2026 मे संचालित की जाने वाली तीसरी, पांचवीं व आठवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाए जाने हैं। जिसके लिए प्रदेश के समस्त राजकीय व शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय, बोर्ड वैबसाईट www.hpbose.org मे अंकित Online Services option में जाकर Online Question Paper Demand for 3rd, 5th and 8th Class को Click कर उक्त कक्षाओं से सम्बन्धित कक्षावार प्रश्न पत्रों की मांग को दिनांक **25-08-2026** से नीचे दी गई तालिका के अनुसार केवल ऑनलाईन प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट किया जाता है कि तीसरी, पांचवी व आठवीं कक्षाओं के लिए राजकीय स्कूलों को **(Without fees) व केवल निजी स्कूलों** को निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ तीसरी, पांचवी व आठवीं कक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों की मांग **(Demand)** को **(Online portal)** के माध्यम से प्रेषित करना अनिवार्य है :–

| Sr. No. | Class | Fee per student | Without late fee | With late fee @ ₹ 100/- per student | With late fee @ ₹ 150/- per student |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 3rd | ₹100/- | 25-08-2026 to 16-09-2026 | 17-09-2026 to 26-09-2026 | 27-09-2026 to 06-10-2026 |
| 2. | 5th | ₹100/- | | | |
| 3. | 8th | ₹150/- | | | |

अतः समस्त स्कूलों के मुखिया उपरोक्त निर्धारित अन्तिम तिथि तक प्रश्न पत्रों की मांग को केवल ऑनलाईन (Online) प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी प्रश्न पत्रों की मांग स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रश्न पत्रों की अनुपलब्धता/कमी (Shortage) का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक, B.E.E.O. व उप–निदेशक शिक्षा (एलिमैंटरी) का होगा।

***किसी भी प्रकार की Offline question paper demand को स्वीकार नही किया जाएगा। कृप्या इसे अति आवश्यक समझें।**

अंकुश शर्मा (हि०प्र०से०)
सचिव

पृष्ठाकंन संख्या :–यथोपरि

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ हेतु प्रेषित हैः–

1. निदेशक स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश शिमला -1
2. समस्त उप निदेशक (प्रारंभिक शिक्षा), हिमाचल प्रदेश।
3. अतिरिक्त सचिव, समस्त उप सचिव/सहायक सचिव , हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
4. सहायक सचिव सूचना प्रौद्योगिकी कक्ष को इस आशय से प्रेषित है कि उपरोक्त अधिसूचना को बोर्ड बैवसाईट पर अपलोड करवाएं तथा दिनांक **25.08.2026** से **Online portal** को सकिय (**Start**) करने के लिये आवश्यक कार्यवाही करें।
5. समस्त अनुभाग अधिकारी/जिला प्रबन्धक हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
6. सीनियर और जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर, माननीय अध्यक्ष महोदय/सचिव महोदय, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
7. प्रभारी, लोक संपर्क, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वे इस अधिसूचना की प्रैस विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाएं।
8. रक्षक संचिका।

अंकुश शर्मा (हि०प्र०से०)
सचिव

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176215
**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**


**क्रमांक :– हि०शि०बो०/22/दशम्–2/लैटर सैट/42/2026/** 14726-14750 दिनांक: 22-08-2026

प्रेषितः

निदेशक स्कूल शिक्षा
हिमाचल प्रदेश सरकार,
शिमला।

विषयः **नवम्बर/दिसम्बर–2026 में आयोजित की जाने वाली तीसरी, पांचवी व आठवीं कक्षाओं की शीतकालीन वार्षिक परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रश्न पत्रों की मांग बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में आपको अवगत करवाया जाता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्णयानुसार प्रदेश के समस्त राजकीय व शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की तीसरी, पांचवी व आठवीं कक्षाओं के **शीतकालीन** स्कूलों की वार्षिक परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र शिक्षा बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाये जाने हैं।

इस संदर्भ में आप से अनुरोध है कि संलग्न अधिसूचना अनुसार अपने अधीनस्थ सभी उप–निदेशक शिक्षा (प्रारंभिक शिक्षा) को निर्देशित करने की कृपा करें कि वह अपने अधीनस्थ सभी **शीतकालीन**, राजकीय व शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों से उक्त कक्षाओं की स्कूलवार प्रश्न पत्र मांग निर्धारित शुल्क सहित केवल ऑनलाईन माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे।

**अंकुश शर्मा (हि०प्र०से०)**
**सचिव**

**संलग्नः– अधिसूचना**
पृष्ठाकंन संख्या :– यथोपरि

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त उप–निदेशक शिक्षा (प्रारंभिक शिक्षा), हिमाचल प्रदेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
2. सहायक सचिव, I.T. Cell को इस आशय के साथ प्रेषित है कि इस पत्र को बोर्ड की वैबसाइट पर अपलोड करें।
3. जिला प्रबन्धक/प्रभारी, पुस्तक वितरण एवं मार्गदर्शन केन्द्र स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि वह सम्बन्धित जिला उप–निदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) से सम्पर्क कर उपरोक्त विषय के वारे में अवगत करवायें।
4. गार्ड फाईल।

**अंकुश शर्मा (हि०प्र०से०)**
**सचिव**


ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला ज़िला काँगड़ा(हि०प्र०)–176215
दूरभाष/Tele: 01892-242….., 242……, 229037
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817

Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176215
अणु डाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com
Website : hpbose.org